# अमूल समेत 100 से अधिक ब्रांड युवा उद्यमियों को देंगे फ्रेंचाइजी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** एमएसएमई विभाग की ओर से लखनऊ में 30 व 31 जुलाई को सीएम युवा कॉनक्लेव का आयोजन होगा। इसके जरिए विश्वविद्यालयों व इंजीनियरिंग कॉलेजों के अन्तिम वर्ष व पास आउट छात्रों तथा आईटीआई-पॉलीटेक्निक के प्रशिक्षित युवाओं को सीएम युवा योजना से जोड़ने का अभियान चलेगा।

अमूल समेत 100 अधिक बड़े ब्रांड वाली कंपनियों की फ्रेंचाइजी इन उद्यमियों को दिलाने की भी मुहिम शुरू होगी। इसमें 10,000 से अधिक युवा उद्यमी, 100 से अधिक फ्रेंचाइजी ब्रांड्स, 500 से अधिक मशीनरी आपूर्तिकर्ता, एवं 25 से अधिक बैंक एक साथ कॉनक्लेव में शामिल होंगे।

आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय के विजयेंद्र पांडियन ने सोमवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा प्रतिष्ठान में इस कानक्लेव का शुभारंभ करेंगे।

**30 को युवा कॉनक्लेव का शुभारंभ करेंगे सीएम**

**11 विश्वविद्यालयों के साथ होगा एमओयू :** कॉनक्लेव में बैंक नीति निर्धारक, विश्वविद्यालय तथा विभिन्न सरकारी विभाग एक साथ एक मंच पर एकत्रित होंगे।

एकटीयू, एलयू, कानपुर समेत 11 विवि के साथ एमओयू भी होगा। कॉनक्लेव में युवा उद्यमी, ब्रांड व बैंक के साथ लेटर ऑफ कन्सेंट का भी आदान-प्रदान होगा।